आया मेला श्याम धणी का | By Sonu Rajasthani

आया.... आया मेला भक्तों श्याम धनी का....2
भीड़ लगी है, श्याम के दर पर
आए श्रद्धालु सब सज धज के
डोली पहुंची खाटू नगरी
मन मगन है सभी का
आया.... आया मेला भक्तों श्याम धनी का....

ग्यारस की यह रात है प्यारी
भीड़ जुटी भक्तों की भारी....2
सब करेंगे बारी-बारी
दर्शन प्रभु हरि का
आया.... आया मेला भक्तों श्याम धनी का....

मन की इच्छा पूरी करेगा
संकट है जो सर से टरेगा...2
भक्तों के कष्टों को हरेगा
झाड़ा मोरछड़ी का
आया.... आया मेला भक्तों श्याम धनी का....

बाबा का श्रृंगार हुआ है
खाटू में दरबार लगा है....2
कोना कोना महक रहा है
खाटू की नगरी का
आया.... आया मेला भक्तों श्याम धनी का.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sonu-rajasthani/